## एक नजर में

### अन्नपूर्णा माता मंदिर पर श्रीमद् भागवत कथा



**बड़नगर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी माँ अन्नपूर्णा मंदिर रुनिजा रोड़ पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का वृहद आयोजन दिनांक 25 जुलाई से 31 जुलाई 2025 तक किया जा रहा है, जिसमें भागवत प्रवक्ता पं. रुपेश अग्निहोत्री उपस्थित भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा का रसास्वादन करवायेंगे । माता अन्नपूर्णा माता मंदिर भक्त मंडल समिति एवं श्रद्धालुओं के सहयोग से श्रीमद् भागवत कथा का यह भगवदीय अनुष्ठान विगत 11 वर्षों से श्रावण मास में हो रहा है, जिसका लाभ हजारों श्रद्धालु प्रतिवर्ष लेते हैं । सप्त दिवसीय आयोजन के अंतर्गत दिनांक 28 जुलाई 2025, सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव होगा साथ ही विभिन्न उत्सव होंगे । आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील मंदिर समिति ने की है । उक्त जानकारी मंदिर पुजारी विजय जाट ने दी।

### प्राचीन श्री नीलकंठेश्वर का आकर्षक श्रृंगार



**खाचरौद।** सावन मास के द्वितीय सोमवार को नगर के अति प्राचीन श्री नीलकंठेश्वर महादेव मंदिर तालाब की पाल पर भूतभावन भोलेनाथ का स्थित आकर्षक श्रृंगार हरि रूप का दर्शन स्वरूप में किया गया।

### सामूहिक अष्ट पूजन का हुआ आयोजन

**खाचरौद।** नगर की धन्य धरा पर चातुर्मास पारंभ होते ही नित्य प्रवचन एवं पाठशाला क्रम पारंभ हो गया। रविवार को सामूहिक अष्ट प्रकारि पूजा का आयोजन श्री राजेन्द्र सूरी जैन पोषध शाला में चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी पार्श्व निधि की निश्रा में श्री संघ एवं चातुर्मास समिति द्वारा करवाया गया। जिसमें समाज- जन ने भाग लिया। जिसमें स्व द्रव्य के साथ प्रभु की अष्ट प्रकारी पूजा करना एवं उसके महत्व के बारे में बताया गया। किस प्रकार भाव से प्रभु की पूजा करना एवं स्व द्रव्य का उपयोग होता है उसका विवरण बताया गया।

### लंबित वेतन भुगतान की मांग को लेकर शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन



**नागदा।** 21 जुलाई को मध्य प्रदेश शिक्षक संघ तहसील इकाई नागदा द्वारा शिक्षकों की लंबित मांगों को लेकर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नागदा में प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में प्रमुख समस्या संविदा अध्यापकों को हड़ताल अवधि का वेतन ( वर्ष 2015 से अब तक ) न मिल पाने की रही। जबकि इस संदर्भ में वेतन भुगतान हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा 8 मार्च 2019 को ही आदेश जारी किया जा चुका है, बावजूद इसके आज तक आदेश का पालन नहीं हो पाया। इस मुद्दे को लेकर मध्य प्रदेश शिक्षक संघ की नागदा इकाई ने जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह डोडिया के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष आनंद मीणा, विनोद लोवलवाल, ब्लॉक सचिव मुकेश रघुवंशी, विजय प्रजापत, केलाशचंद्र अकोलिया, अनिता प्रजापत, दिलीप सिंह पंवार, संतोष सोलंकी, विजय शर्मा, शंकरलाल राठौर, एवं श्री अजय सिंह सिसोदिया उपस्थित रहे। प्राचार्य देवेंद्र कुमार द्विवेदी ने तीन दिवस के भीतर उच्च स्तर पर लिखित में अवगत कराने का आश्वासन दिया। इस संबंध में जानकारी जिला मीडिया प्रभारी वैदेश चंदेल द्वारा दी गई।

### वर्ष 2024-25 के उत्कृष्ट कर्मचारियों को किया सम्मानित



**उज्जैन।** भारतीय डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं डाक जीवन बीमा के व्यवसाय वृद्धि करने हेतु उज्जैन मुख्य डाकघर में बैठक आयोजित की गई।

मुख्य अतिथि के रूप में आर.के. जायभाये, जनरल मैनेजर, डाक जीवन बीमा, महानिदेशालय नई दिल्ली की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक में आरके जायभाये द्वारा विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारियों को विभाग द्वारा जन सामान्य के हितों के लिए चलाई जा रही विभिन्न बचत योजनाओं एवं विशेष रूप से डाक जीवन बीमा योजना के संबंध में प्रचार-प्रसार एवं नया व्यवसाय अर्जित करने हेतु प्रोत्साहित किया गया। जिसमें अधिक से अधिक संख्या में आम जन विभाग की योजनाओ का लाभ उठा सके। साथ ही वर्ष 2024-25 में डाक जीवन बीमा एवं ग्रामीण डाक जीवन बीमा के अंतर्गत उत्कृष्ट व्यवसाय करने वाले कर्मचारी मो. इकबाल कुरैशी, भरत पाटीदार एवं अन्य कर्मचारियों को जायभाये द्वारा सम्मानित किया गया। जिससे अन्य स्टाफ को भी प्रेरणा प्राप्त हो। बैठक में उत्कृष्ट व्यवसाय करने वाले कर्मचारी मो. इकबाल कुरैशी, भरत पाटीदार द्वारा अपने विचार भी प्रस्तुत किए गए कि किस प्रकार जन सामान्य तक विभाग की योजनाओं को पहुंचाने में उनका योगदान रहा है। जिसकी सराहना आरके जायभाये द्वारा की गयी एवं उन्हें अन्य कर्मचारी को अपनाने हेतु निर्देशित किया गया। जिसमे उज्जैन संभाग जन सामान्य ही विभाग की योजनाओं तक पहुंचा सके। बैठक में मालवा संभाग उजैन के प्रवर अधीक्षक शिवांशु कुमार एवं अन्य अधिकारी गण कर्मचारियों सहित उपस्थित रहे। यह आयोजन प्रधान डाकघर उज्जैन में प्रवर अधीक्षक डाकघर, मालवा संभाग, उज्जैन द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया।


### पोदार प्रेप उज्जैन ने किया माताओं के लिए जुबा सत्र



**उज्जैन।** पोदार प्रेप उज्जैन द्वारा माताओं के लिए फिटनेस, संगीत और आनंद से भरपूर विशेष जुम्बा सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य माताओं के मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य को प्रोत्साहित करना, उन्हें तनावमुक्त अनुभव देना, सामाजिक मेलजोल को बढ़ावा देना और दैनिक जीवन की दौड़-भाग से कुछ क्षण अपने लिए निकालना था।पोदार इंटरनेशनल स्कूल, दताना मताना देवास रोड में आयोजित कार्यक्रम का संचालन स्काईफिटनेस डांस क्लासेज, दूधतलाई के प्रशिक्षक रितेश सोनतानी एवं जिज्ञासा भाटिया ने किया। उन्होंने पूरे उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा के साथ सत्र को संचालित किया, जिससे सभी प्रतिभागी माताएं जोश और मुस्कान के साथ नृत्य करती नज़र आईं। यह दृश्य अपने आप में बेहद आनंददायक और प्रेरणादायी रहा। संचालन प्राचार्य संजीव कुमार भावसार, हेडमिस्ट्रेस पोदार प्रेप दताना मताना श्रद्धा सालुंके एवं हेडमिस्ट्रेस महाकाल वाणिज्य केंद्र नेहा सिंह चौहान के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के दौरान आत्म-देखभाल, स्वस्थ जीवनशैली और पारिवारिक जीवन में फिटनेस की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर मनोज कुमार वर्मा, नितिन अत्ले, माताएं, बच्चे एवं समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहे, जिन्होंने इस आयोजन को और भी यादगार बना दिया।

# क़ीर समाज के अध्यक्ष तेजू बाबा ने दिया इस्तीफा

## समाजजनों की सहमति से राकेश हाडा बामोरा को धर्मशाला का अध्यक्ष बनाया



**उज्जैन।** क़ीर समाज के सार्वजनिक सभा क़ीर समाज बायलॉज अनुसार सभा मीटिंग संपन्न हुई। जिसमें उज्जैन सहित इंदौर, देवास, शाजापुर, रतलाम, मंदसौर, नीमच, धार, बड़वानी, खरगोन आदि जिलों से समाज जन एकत्र हुए। सभा आयोजित करने से पहले सभी समाज जनों को सुचित किया गया ओर अध्यक्ष पद हेतु दावेदारी के लिए आमंत्रित किया गया था। सभा के दौरान सभी की सहमति से वर्तमान अध्यक्ष तेजू बाबा ने अपने अध्यक्ष पद से इस्तीफा दिया और राकेश हाडा बामोरा को समर्थन किया। सभा में क़ीर समाज जन ने 99त्न बहुमत, जन समर्थन देकर राकेश हाडा बामोरा को धर्मशाला उज्जैन अध्यक्ष पद हेतु चुना गया। वैसे कुछ समाज जन ने प्रकाश सिंह क़ीर हमुखेड़ी को अध्यक्ष बनाया था। लेकिन उनको कुछ कारण से समाज जनों ने हटा दिया है। इसलिए धर्मशाला नवनिर्माण, संरक्षण संचालन हेतु बीच में ही चुनाव करवाना पड़ा, राकेश हाडा की राजनीतिक पकड़ और सामाजिक पकड़, लोकल एरिया से और योग्य प्रबल प्रभावशाली, दावेदार होने के कारण समाज जन ने राकेश हाडा को जन समर्थन दिया और 3 साल के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस दौरान सैकड़ों समाज जन सम्मिलित हुए। जिसमें मुख्य रूप से रामप्रसाद चौहान, पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष क़ीर समाज मप्र, मानसिंह सिंह पटेल प्रदेश प्रभारी नशामुक्ति क़ीर समाज मप्र, चंदरसिंह सेठ इंदौर जिला अध्यक्ष, गुलाबसिह सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष, तेजू बाबा पूर्व धर्मशाला अध्यक्ष उज्जैन, राजू जी चौहान वरिष्ट समाजसेवी क़ीर समाज, ईश्वर सिंह दायमा उड़सिंगा युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष पूर्व सचिव उज्जैन धर्मशाला, विक्रम सिंह पटेल प्रदेश सचिव क़ीर समाज मप्र, ईश्वर सिंह सोलंकी बोर्ड सदस्य क़ीर समाज मप्र, शिवनारायण पटेल सालीया, अनोखीलाल सिसोदिया, कमल सिंह सोलंकी, चंद्रसिंह माली बड़ोदिया चंदरसिंह हरियाखेड़ी, नरबतसिंह, धारासिंह चौहान, अजय चौहान, कैलाश पटेल उड़ाना, संतोष व्यासखेड़ी, भारतसिंह दायमा, मोहनलाल, उदयसिंह, डॉ. चंदनसिंह सिंह हाड़ा, इंदरसिंह हाडा, डॉ. जितेंद्र दायमा, दिनेश सोलंकी, कमलसिंह हाड़ा, भगवानसिंह मेडिकल, भोजराज हरियाखेड़ी, कृष्णा पान, अशोक सरपंच, ओमप्रकाश उप सरपंच, गौतम सरपंच एवं जिला अध्यक्ष रतलाम, नारायण सिंह सरपंच रिंगनिया, योगेश गेहलोद, विशाल चांदना, कार्तिक चौहान, धर्मेन्द्र चौधरी, योगेश चौहान, कुलदीप सिंह चौहान, संजय बवाई, दिनेश चौहान, गोविंद, अनिल चांदना, वासुदेव, धर्मेंद्र, राहुल, इंद्रर, अनुराग संजय, अजय हाडा, विकास, रवि दायमा, घनश्याम कीर, हुकम सिंह, संदीप, मुकेश, जितेंद्र सोलंकी आदि सैकड़ों समाज जन सम्मिलित हुए। आभार ईश्वर सिंह दायमा ने व्यक्त किया।



## श्रावण के द्वितीय सोमवार पर श्री रामेश्वर महादेव का आकर्षक श्रृंगार

**नागदा। नगर में पूरे माह श्रावण सोमवार का उत्साह छाया हुआ है. हर सोमवार को भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। इसी तारतम्मय में श्रावण मास के पावन अवसर पर द्वितीय सोमवार को स्वर्णकार धर्मशाला स्थित श्री रामेश्वर महादेव मंदिर में विशेष धार्मिक आयोजन हुआ।**

पं. रावल ने बताया कि श्रावण के प्रत्येक सोमवार को भगवान महादेव का विशेष श्रृंगार एवं पूजन किया जाता है, तथा सायंकाल में महाआरती का आयोजन होता है। इस अवसर पर स्थानीय भक्त बड़ी संख्या में मंदिर पहुंचकर दर्शन एवं आरती में भाग लेते हैं। स्वर्णकार समाज द्वारा मंदिर पर दर्शन के लिए नगर वासी एवं श्रद्धालुओं से अधिक अधिक संख्या में सम्मिलित होने का अनुरोध किया गया। ताकि इस पुण्य माह पुण्य लाभ कमा सकें.

## संत सत्कार समिति ने किया 51 हजार ओम नम: शिवाय मंत्रों का जाप



**उज्जैन।** श्रावण के द्वितीय सोमवार पर संत सत्कार समिति ने पुष्पांजलि नगर में महेश हिंदल के निवास पर स्वामी परमानंदजी महाराज के पावन सानिध्य में 51 हजार ओम नम: शिवाय मंत्रों का जाप किया। संस्था संरक्षक प्रकाश चित्तौड़ा एवं अध्यक्ष श्याम माहेश्वरी ने बताया कि उपस्थित भक्तों को संतश्री द्वारा शिवमहापुराण में माता पार्वती और भगवान शिव के संवाद का दृष्टांत देकर श्रावण मास में किए जाने वाले जप और अनुष्ठान की चर्चा करते हुए इससे प्राप्त होने वाले फल पर प्रकाश डाला। आपने बताया कि शिव ही एकमात्र ऐसे भगवान है जो छोटी सी स्तुति से प्रसन्न होकर मनोवांछित फल देते हैं। कार्यक्रम में इंदौर से पधारे बाल भजन-गायक अमित मेहता ने भजनों के साथ ओम नम: शिवाय जाप की संगीतमय सुंदर प्रस्तुति से उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चंद्रशेखर माहेश्वरी, फूलसिंह जौहरी, प्रकाश काबरा, उमेश गुप्ता, महेश खंडेलवाल, कैलाश जाट, दिनेश महाजन, माया शर्मा, भारती गुप्ता, हीरामणि महाजन सहित क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने इस महायज्ञ में जाप कर धर्मलाभ लिया। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव भगवान शर्मा ने किया व आभार कार्यक्रम संयोजक महेश गुप्ता ने माना।



## कावड़ यात्रा का स्वागत कर गुरूजनों का आशीर्वाद लिया : पूर्व विधायक मोरवाल

**बड़नगर। बोल बम कावड़ यात्रा, श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर समिति, भाटपचलाना से प्रारंभ की गई कांवड़ यात्रा में सम्मिलित होकर पूजन-पाठ कर मण्डी चौराहा पूर्व विधायक मुरली मोरवाल द्वारा पर भव्य स्वागत व फल वितरण किए गए व कावड़ यात्रा में चल रहे गुरूजनों का आशिर्वाद लिया।**

इस दौरान विधायक मुरली मोरवाल ने बताया की श्रावण मास के पवित्र माह में हम सभी को भक्ति भाव रखते हुए कावड यात्रियों का स्वागत, सम्मान व उचित व्यवस्था करनी चाहिए यह माह हमारे सनातन धर्म के लिए एक विषेश माह है भगवान शिव की पूजा उपासना से हि हमे समद्धि मिली हैं। कावड़ में पधारे सभी भक्तों का हम नगर वासी हृदय से स्वागत करते आए हैं और आगे भी करेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गजेन्द्र यादव, शह कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण बिलाला, सेवादल अध्यक्ष मनोहरलाल शर्मा, वनिषराज कटारिया, सेफुउद्दीन बादशोह आदि उपस्थि हुए।

## हैदराबाद से जोधपुर चली नई ट्रेन का बड़नगर में स्टापेज नहीं



**बड़नगर।** दक्षिण मध्य रेलवे के माध्यम से काचीगुडा (हैदराबाद) से भगत की कोठी( जोधपुर) के लिए चलाई गई नवीन ट्रेन जिसका की फतेहाबाद के रास्ते उज्जैन और रतलाम जाने के लिए रेल मार्ग तय किया गया है। लेकिन बड़नगर जैसे अधिक आय देने वाले रेलवे स्टेशन पर इस प्रतिदिन चलने वाली ट्रेन का ठहराव नहीं दिए जाने से क्षेत्र के रेल उपभोक्ताओं में निराशा का वातावरण व्याप्त है। इसी विषय को ध्यान में रखते हुए रेल सुविधाओं के लिए सदैव संघर्षरत रेल उपभोक्ता संघ के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक जितेंद्र उदय सिंह पंड्या से उनके निवास स्थान पर मुलाकात कर इस महत्वपूर्ण ट्रेन को बड़नगर में ठहराव देने और क्षेत्रीय सांसद अनिल फिरोजिया से चर्चा कर उज्जैन संसदीय क्षेत्र के बड़नगर रेलवे स्टेशन पर ठहराव देने की विस्तृत चर्चा की और इस संबंध में एक मांग पत्र भी भेंट किया। चर्चा के दौरान बताया की बुरहानपुर रेलवे स्टेशन दाऊदी बोहरा समाज का एक महत्वपूर्ण जियारत स्थल है और बड़नगर बदनावर ही नहीं अपितु खाचरोद निवासी दाऊदी बोहरा समाज के समाजजन इस ट्रेन के माध्यम से बुरहानपुर की सीधी और सस्ती शानदार रेल सेवा का लाभ ले सकेंगे वहीं बड़नगर में अकोला खंडवा और भोपाल से जुड़े हुए परिवारों को, हैदराबाद एक आईटी हब सिटी है जहां पर बड़नगर क्षेत्र के अनेकों युवा रोजगार प्राप्त कर रहे हैं उनको भी इस ट्रेन के बड़नगर में ठहराव मिल जाने से बहुत बड़ी रेल सुविधा की सौगात मिल जाएगी। यह ट्रेन के उज्जैन से रतलाम और और रतलाम से उज्जैन आवागमन समय में काफी अंतराल होने से बड़नगर में उक्त ट्रेन को 2 मिनट का ठहराव देने बाबत रेल प्रशासन को कोई तकनीकी व्यवधान भी उपस्थित नहीं होना है। अतः रेल उपभोक्ताओं के हित और रेल विभाग की आमदनी में वृद्धि के दृष्टिगत पुराने जमाने की इस मीनाक्षी ट्रेन का बड़नगर में ठहराव होना आवश्यक है। प्रतिनिधि मंडल में रेल उपभोक्ता संघ बड़नगर के राजकुमार जैन, अजय राठौर, रियाज अहमद रहमानी, दिलीप पंचाक्षरी, श्याम गुर्जर, हेमंत देशमुख, कलीमुद्दीन शेख, विजय सेन, चंद्र प्रकाश सोनी ,सुभाष गुप्ते , दुर्गेश हिंडोलिया, हुसैन भाई किलोलीवाला आदि उपस्थित थे। ट्रेन के ठहराव संबंधी मांग पत्र पर क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या ने बड़ी गंभीरता लेते हुए मांग को संज्ञान में लिया और तुरंत ही उज्जैन संसदीय क्षेत्र के सांसद अनिल फिरोजिया जी से ट्रेन के ठहराव बाबत अग्रिम कार्यवाही हेतु चर्चा की और प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया की उक्त ट्रेन को शीघ्र ही बड़नगर में ठहराव मिले इस बाबत प्रयास जारी रहेंगे। उपरोक्त जानकारी रेल उपभोक्ता संघ के संयोजक प्रेम नारायण पोरवाल ने दी।

**मिलन समारोह** दीक्षित, प्रसिद्ध स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. नियति शाह जैन तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक लाड़ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे

# अभिनव पारिवारिक मिलन समारोह में श्रीराम स्तुति से राममय हुए दर्शक



**उज्जैन।** तपस्या संस्कृति संस्थान द्वारा अभिनव पारिवारिक मिलन समारोह का आयोजन कालिदास संस्कृत अकादमी में अत्यंत गरिमामय और सांस्कृतिक वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रीमहाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सेवानिवृत्त उप-प्रशासक एसपी दीक्षित, प्रसिद्ध स्त्रीरोग विशेषज्ञ डॉ. नियति शाह जैन तथा बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक श्री अम्बर लाड़ अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। संस्था अध्यक्ष माधुरी कोडपे ने बताया कि समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिसके पश्चात संस्थान की प्रतिभावान बालिकाओं ने श्री गणेश वंदना से कार्यक्रम का सांस्कृतिक आगाज़ किया। इसके उपरांत नटराज स्तुति और तीन ताल में निबद्ध तोड़े-टुकड़े की प्रभावशाली प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

संगीत एवं नृत्य की इस श्रंखला में अगली प्रस्तुति के रूप में ठुमरी रोको न मेरो डगर, श्रीराम स्तुति, और राग कलावती में तराना की मनोहारी प्रस्तुति ने वातावरण को भावपूर्ण और मधुर बना दिया। संस्थान की महिलाओं ने राजस्थानी लोकनृत्य खम्मा घणी के माध्यम से समां बांध दिया और दर्शकों से खूब सराहना प्राप्त की। राष्ट्र गीत वन्दे मातरम् से कार्यक्रम का समापन हुआ।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध नाट्य कलाकार और साउंड इंजीनियर गौरव दाभाडे और समाजसेवी मंजू शर्मा को उनके उत्कृष्ट योगदान हेतु कला सम्मान प्रदान किया गया। संस्थान की अध्यक्ष माधुरी कोडपे ने कार्यक्रम की संपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य परिवार, संस्कृति और कला के सम्मिलन को मंच देना है। कार्यक्रम के मंच संचालन दीपक कोडपे ने किया। इस आयोजन में मंथन एड्वर्टाइज़ और केईब्ल्यू इवेंट इफेक्ट का विशेष सहयोग रहा।